TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# चेतना

विद्यालय दैनिक पत्रिका

सोमवार
बिहार
10 जून 2024
Monday
वर्ष : 3
समस्तीपुर


2024-25
प्रवेशोत्सव
नामांकन अभियान

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित


विश्व नेत्रदान दिवस




संपादकीय
चेतना सत्र
संविधान
विद्यालय समय सारणी एवं पाठ टीका
दैनिक शैक्षणिक कैलेण्डर (वर्ग I - VIII)
पीएम पोषण योजना
चहक
...

भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। लालू प्रसाद यादव भारत के सफल रेलमन्त्रियों में गिने जाते हैं।

## लालू प्रसाद यादव

की जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

11 जून, 1948

जून

| सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. | र. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

17 ईदुल-जोहा (बक़्रईद)
22 कबीर जयंती





# संपादकीय

चेतना

10 जून 2024 Monday सोमवार समस्तीपुर वर्ष 03



***प्रधान संपादक***

श्री अनिल कुमार प्रभाकर



***संपादक***

श्री कुन्दन कुमार



***संपादक मंडल***

श्री रंजीत कुमार रमण

श्री विनोद कुमार विमल

श्री बालविजय कुमार

***कला एवं प्रबंध संपादक***

श्री संतोष कुमार ठाकुर

श्रीमती बबिता कुमारी

श्रीमती रिंकु कुमारी

श्रीमती अध्याशा

श्रीमती अनुपमा कुमारी

मो० फरहान

श्री दीपक कुमार सिंह

सुश्री नेहा कुमारी

श्री मिथुन कुमार राय


**प्रिय गुरुजन !**


आज समाज और देश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न है शिक्षा किस लिए दी जाए? विभिन्न मनोवैज्ञानिकों एवं शिक्षा विशारदों ने शिक्षा के विभिन्न उद्देश्य बतलाएँ हैं। किसी विद्वान का मत है कि "विद्या के लिए विद्या" है तो दूसरे विद्वान का मत है कि आजीविका या व्यवसाय के लिए तैयार करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कुछ विद्वानों का मत है कि मनुष्य का शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा अन्य सभी पहलुओं से विकास करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। कुछ लोग सच्चरित्र निर्माण को शिक्षा का उद्देश्य मानते हैं।


वैदिक ऋषियों के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है मानव का सर्वांगीण विकास अर्थात मानव जीवन का जो उद्देश्य है उस उद्देश्य तक पहुँचना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। मानव जीवन का उद्देश्य पुरुषार्थ-मोक्ष। इसके लिए हमें शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक सभी नियमों का ज्ञान होना चाहिए। घर में हम अपने माता-पिता के साथ कैसा व्यवहार करें, समाज में कैसा उत्तम नागरिक बनें, साथियों के साथ कैसे व्यवहार करें, आजीविका के लिए क्या करें, सामाजिक तथा राजनैतिक समस्याओं का क्या हल निकालें। संक्षेप में हर बात में हम पूर्ण हों किसी में अधूरी न रहें, यह वैदिक ऋषियों की शिक्षा का उद्देश्य है। यदि हम अपना सर्वांगीण विकास करते हुए पुरुषार्थ को प्राप्त कर सके, तो हमारी शिक्षा सफल शिक्षा है अन्यथा नहीं।


इसका निष्कर्ष यह है कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास और सर्वांगीण विकास का अर्थ है - मानसिक, शारीरिक और रचनात्मक कौशल का विकास। चेतना विद्यालय दैनिक पत्रिका इन उद्देश्यों की पूर्ति के साधनों का एक प्रमुख अंग है। **"चेतना"** विद्यालय दैनिक पत्रिका जहाँ एक ओर बालमन की कोमल भावनाओं के फूटते अंकूर का पोषण करती है वहीं बालमन का पल-पल विकास होते देखकर परम संतोष का अनुभव होता है ठीक वैसे ही जैसे खिलते हुए फूलों को देखकर माली को होता है जो उन्हें सींचता है।

आपकी सर्वाग्रगण्य एवं लोकप्रिय विद्यालय दैनिक पत्रिका **"चेतना"** का आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें हर्ष एवं संतोष की अनुभूति हो रही है, पत्रिका के प्रस्तुत अंक को आपकी आकांक्षाओं के अनुरूप अधिक-से-अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। प्रकाशन से संबंधित सभी लोगों के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से यह अंक इतना अधिक उपयोगी बन पाया है।














## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 219/2024

**राज्य के इन्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024–26 के कक्षा 11वीं में नामांकन हेतु OFSS WEBSITE पर इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों एवं संकायों के विकल्प को परिवर्तन करने हेतु अवसर देने के संबंध में विद्यार्थियों, संबंधित प्राचार्यों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारियों के लिए आवश्यक सूचना**

**OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में पूर्व में भरे गए सामान्य आवेदन प्रपत्र (COMMON APPLICATION FORM) में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण संस्थानों एवं संकायों के विकल्प को दिनांक–08.06.2024 से 11.06.2024 तक परिवर्तन करने हेतु अवसर देने के संबंध में आवश्यक सूचना**

राज्य के इन्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024–26 में इन्टरमीडिएट कक्षा में Online Facilitation System for Students (OFSS) प्रणाली से नामांकन किये जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 144/2024 एवं पी0आर0 149/2024 के माध्यम से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों से दिनांक 11.04.2024 से 20.04.2024 तक OFSS Website पर ऑनलाईन आवेदन (CAF) आमंत्रित किया गया था, जिसे बाद में विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 174/2024, पी0आर0 183/2024 एवं पी0आर0 193/2024 के द्वारा अवधि विस्तार करते हुए अन्तिम रूप से विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 199/2024 के माध्यम से दिनांक– 31.05.2024 तक ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि निर्धारित किया गया था।

2. विदित हो कि शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–09/बि0वि0प0स0–13/2024–414, दिनांक–08.05.2024 के कंडिका 1 एवं 2 में दिये गये विभागीय निदेश के आलोक में राज्य के सरकारी विद्यालयों से कक्षा–10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कक्षा–11वीं में नामांकन उसी विद्यालय में लिया जाना था, जहां से वे 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। शिक्षा विभाग के उक्त निदेश के आलोक में समिति द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 174/2024, पी0 आर0 183/2024, पी0 आर0 193/2024 एवं पी0 आर0 199/2024 के माध्यम से OFSS के माध्यम से 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में भरे गए ऑनलाईन आवेदन (CAF) में इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों एवं संकायों के विकल्प में दिनांक– 31.05.2024 तक परिवर्तन करने हेतु निदेश दिया गया था।

3. उक्त के आलोक में सूचित करना है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना ने सी0डब्लू0जे0सी0 सं0 9063/2024 के मामले में दिनांक–06.06.2024 को अपने न्यायादेश में शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक–09/बि0वि0प0स0–13/2024–414, दिनांक–08.05.2024 के कंडिका–1 एवं 2 पर स्थगन आदेश देते हुए विद्यार्थियों द्वारा OFSS के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन में दिए गए इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों एवं संकायों के विकल्पों के आधार पर विद्यालयों का आवंटन करने के संबंध में आदेश पारित किया है।

4. उपरोक्त कंडिका 3 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना के न्यायादेश के आलोक में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति द्वारा इन्टरमीडिएट सत्र 2024–26 के 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति संख्या– पी0 आर0 144/2024 के तहत वर्णित नामांकन की प्रक्रिया एवं चयन मापदण्ड यथावत् रहेंगे। संशोधित प्रावधानों के आलोक में चयन सूची (Selection List) का निर्माण निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर किया जाएगा :

**(i)** इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु सत्र 2024–26 में संकायवार उपलब्ध सीट की कुल संख्या

**(ii)** विद्यार्थियों द्वारा OFSS Website पर किये गये ऑनलाईन आवेदन (CAF) में भरे गये शिक्षण संस्थान/संकाय का विकल्प

**(iii)** विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं का प्राप्तांक प्रतिशत

**(iv)** आरक्षण संबंधी राज्य सरकार के यथा संशोधित प्रावधान

**(v)** वैसे संस्थानों में, जहाँ 12वीं की पढ़ाई के साथ 10वीं की पढ़ाई भी होती है, वैसे संस्थानों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों ने यदि 12वीं की पढ़ाई हेतु विकल्पों में अपने मूल विद्यालय (जहाँ से उन्होंने 10वीं की कक्षा उत्तीर्ण की है) का विकल्प दिया है, तो ऐसे मामलों में उन विद्यार्थियों को राज्य सरकार के निर्णयानुसार अपने मूल संस्थान में नामांकन हेतु प्राथमिकता दी गयी है, अर्थात् यदि उनको अपने मूल संस्थान से ऊपर का विकल्प नामांकन हेतु प्राथमिकता सूची में नहीं मिलता है, तो उनका चयन अपने मूल विद्यालय में नामांकन हेतु किया जायेगा। उदाहरणस्वरूप अगर किसी विद्यार्थी ने अपने विद्यालय का विकल्प, जहाँ से उन्होंने 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, को छट्ठे स्थान पर दिया है और उनका चयन उनके मेधा एवं आरक्षण के आधार पर आठवें नम्बर के विकल्प में होता है, तो उस परिस्थिति में उन्हें छट्ठे नम्बर के अपने मूल संस्थान में नामांकन के लिये चयनित किया जायेगा, परन्तु अगर ऐसे विद्यार्थी का चयन तीसरे विकल्प (जो छट्ठे विकल्प से ऊपर है) के संस्थान हेतु होता है, तो उस स्थिति में उनका चयन तीसरे विकल्प में दिये गये संस्थान में नामांकन के लिये चयनित किया जायेगा किन्तु शिक्षण संस्थान के लिये यह प्रावधान उनकी अधिकतम स्वीकृत सीमा के अन्तर्गत ही अनुमान्य है। अर्थात् यदि किसी संस्थान में अधिकतम स्वीकृत सीट संख्या से अधिक उसी संस्थान में विद्यार्थियों ने इण्टर में नामांकन के लिये आवेदन दिया है तो वैसी स्थिति में आरक्षण श्रेणीवार मेधा सूची में ऊपर से अधिकतम सीट क्षमता के अनुसार ही उस संस्थान में प्राथमिकता के आधार पर इस प्रथम सूची में नामांकन किया जायेगा। शेष विद्यार्थियों (जो आरक्षण श्रेणीवार मेधा सूची में नीचे हैं) को वह संस्थान नहीं दिया जायेगा, बल्कि उनके द्वारा भरे गये विकल्पों के आधार पर उनको अन्य संस्थान आवंटित किया जायेगा।

5. चूंकि उपरोक्त कंडिका–4 के अनुसार इन्टरमीडिएट सत्र 2024–26 के 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु नामांकन की प्रक्रिया एवं चयन मापदण्ड विज्ञप्ति संख्या–144/2024 के अनुसार यथावत् हो गयी है अतएव दिनांक–31.05.2024 तक OFSS वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन (CAF) करने वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे पूर्व में दिए गए इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों एवं संकायों के विकल्प में **दिनांक– 08.06.2024 से 11.06.2024 तक** OFSS वेबसाईट **https://online.ofssbihar.org/ONLINE_CAF/JrCAFForm.aspx** के लिंक पर जाकर शिक्षण संस्थान एवं संकाय के विकल्प में बदलाव कर सकते हैं।

6. समिति द्वारा इन्टरमीडिएट सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 174/2024, पी0आर0 183/2024, पी0आर0 193/2024 एवं पी0आर0 199/2024 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

7. विद्यार्थियों को नामांकन संबंधी सूचना प्रदान करने के लिये समिति द्वारा **OFSS** नाम से मोबाइल एप तैयार किया गया है, जो Google Play Store पर उपलब्ध है। किसी भी Android Smart Phone पर उपलब्ध इस एप के इस्तेमाल से विद्यार्थी नामांकन संबंधी सूचना एवं अन्य जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं।

8. इन्टरमीडिएट नामांकन संबंधी किसी प्रकार की जानकारी के लिए विद्यार्थी समिति के **हेल्पलाईन दूरभाष संख्या 0612–2230009** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उप सचिव–सह–नियंत्री पदाधिकारी (OFSS)

Follow @ @officialbseb @officialbseb @officialbseb biharschoolexaminationboard




नोट : रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।

# चेतना सत्र

चेतना

**10 जून 2024** **Monday** **सोमवार** **समस्तीपुर** **वर्ष 03**

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है तू रहीम हैं, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशु मसीह, हर नाम में तू समा रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है।
तेरी जात पाक कुरान में, तेरा दर्श वेद पुराण मैं,
गुरु ग्रन्थ जी के बख़ान में, तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान,
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान
विधि वेद का है ये सब रचन, तेरा भक्त तुझको बुला रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।

### अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए...**
**अन्न के कण को "और"आनंद के क्षण को**
**हमेशा मुस्कुराते रहिए.... कभी अपने लिये कभी अपनों के लिये ।**

## 3. शब्द ज्ञान

| English | | |
|---|---|---|
| EAT | *इट* | खाना |
| BEAT | *बीट* | पीटना |
| MEAT | *मीट* | माँस |
| CHEAT | *चीट* | धोख़ा देना |
| HEAT🔥 | *हीट* | ताप |

| हिन्दी | |
|---|---|
| स्पृहा | इच्छा |
| अलापना | बोलना |
| प्राचीर | परकोटा |
| पथिक | राहगीर |
| चेत | होश |

| संस्कृत | |
|---|---|
| आदौ | शुरू में |
| वद | बोलो |
| कोऽसौ | कौन वह |
| महाकाय: | विशाल शरीर वाला |
| चक्री | चक्र वाला |

| اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|
| لبلب | *Lablab* | मुर्ख |
| لبن | *Laban* | दुध |
| لبیب | *Labeeb* | बुद्धिमान |
| لحد | *Lehad* | कबर |
| لحم | *Laham* | मासं |

## 4. दिवस ज्ञान

**विश्व नेत्रदान दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

1. क्रिकेट में विकेटों के दो सेट कितने गज की दूरी पर होते हैं? **:** 22 गज
2. ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय का नाम बताएं? **:** अभिनव बिंद्रा

3. गैम्बिट और स्टेलेमेट शब्द किस खेल से संबंधित हैं? : शतरंज
4. विश्व की सबसे बड़ी नदी कौन सी है? : अमेज़न
5. सौर मंडल का सबसे चमकीला ग्रह कौन सा है? : शुक्र

## 6. तर्क ज्ञान

1. ताला:चाबी:: सुई :? : धागा
2. 16/4+18*5-3+2 : 93
3. भारत में कौन सबसे पहले यूरोपीय व्यापारी आया था? : पुर्तगाली
4. विटामिन ए की कमी से कौन सा रोग होता है? : रतौंधी
5. हिंदी वर्णमाला में अयोगवाह वर्ण कौन से हैं? : अं,अः

## 7. युग्म शब्द

1. अगम : दुर्लभ
2. अध्ययन : पढ़ना - लिखना
3. अनभिज्ञ : अनजान
4. अभिज्ञ : जाननेवाला
5. अलि : भौंरा

## 8. प्रेरक प्रसंग

### कछुआ जीता, खरगोश हारा

पुराने समय की बात है। एक खरगोश और एक कछुआ का सामना हुआ। दोनों ने दौड़ लगाने का फैसला किया। खरगोश बहुत तेज था, वह बहुत तेजी से भागा जा रहा था और कछुआ काफी पीछे था। खरगोश ने कछुए को अपने काफी पीछे देखा तो सोचा कि क्यों न एक झपकी ले ली जाए। खरगोश एक पेड़ के नीचे सो गया। इस बीच, कछुआ वहां पहुंचा जहां खरगोश सो रहा था। खरगोश को सोता छोड़ कछुआ आगे निकल गया और विजय पद पर पहुंच गया। खरगोश जागा तो बहुत दुखी हुआ, पर कुछ कर न सका।

# संविधान

चेतना

10 जून 2024 Monday सोमवार समस्तीपुर वर्ष 03




## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

*- रविन्द्रनाथ टैगोर*

## राष्ट्रीय गीत

*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्!*
*सुजलाम्, सुफलाम्, मलयज शीतलाम्,*
*शस्यश्यामलाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्!*
*शुभ्रज्योत्सनाम् पुलकितयामिनीम्,*
*फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,*
*सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्,*
*सुखदाम् वरदाम्, मातरम्!*
*वंदे मातरम्, वंदे मातरम्॥*

*- बंकिमचन्द्र चटर्जी*

## मौलिक अधिकार

1. *समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)*
2. *स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)*
3. *शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)*
4. *धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)*
5. *संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)*
6. *संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)*




## संविधान में उपबंधित मौलिक कर्तव्य

1. *संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।*
2. *स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।*
3. *भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।*
4. *देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।*
5. *भारत के लोगों में समरसता और समान भातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।*
6. *हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।*
7. *वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।*
8. *मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।*
9. *सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।*
10. *व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।*
11. *6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें संविधान द्वारा जोड़ा गया)*

## भारत के संविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

# समय सारणी पाठ टीका

चेतना

| 10 जून 2024 | Monday | सोमवार | समस्तीपुर | वर्ष 03 |
|---|---|---|---|---|

ज्ञापांक : 01/मा०शि०-68/24/1141 दिनांक :- 06/06/2024

| समय | | 09:00 - 10:00 | 10:00 - 10:40 | 10:40 - 11:20 | 11:20 - 12:10 | 12:10 - 12:50 | 12:50 - 01:30 | 01:30- 02:10 | 02:10 - 02:50 | 02:50 - 03:30 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 06:30 - 06:45 | 06:45 - 07:20 | 07:20 - 07:55 | 07:55 - 08:30 | 08:30 - 09:05 | 09:05 - 09:45 | 09:45 - 10:20 | 10:20 - 10: 55 | 10:55 - 11:30 | 11:30 - 12:10 | |
| वर्ग | घंटी | | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी | | पंचमी | छठी | सप्तमी | | |
| 1 | | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | मिशन दक्ष के लिए अंतर्गत विशेष कक्षा (सोमवार से शनिवार) | वर्ग 1-2 के बच्चों को छोड़कर शेष वर्ग के बच्चों के होमवर्क को चेक करना, पाठ टीका (lesson plan) तैयार करना एवं मिशन दक्ष के बच्चों का प्रोफाइल तैयार करना एवं मिशन दक्ष की विशेष कक्षा लेना, साप्ताहिक मूल्यांकन के आधार पर छात्र-छात्राओं का प्रोफाइल तैयार करना इत्यादि । |
| 2 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | अंग्रेजी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | | |
| 3 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | | |
| 4 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | | |
| 5 | | | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (कार्यपुस्तिका) | गणित (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना) | गणित (कार्यपुस्तिका) | | |
| 6 | | | गणित | अंग्रेजी | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | | |
| 7 | | | सामाजिक विज्ञान | गणित | अंग्रेजी | विज्ञान | | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | हिंदी / उर्दू / अन्य | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | | |
| 8 | | | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान | गणित | अंग्रेजी | | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | हिंदी / उर्दू / अन्य | | |

नोटः- 1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है। 2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है। 3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

# पाठ टीका NOTES ON LESSONS

| दिनांक Date | घंटी Period | कक्षा Class | विषय Subject | प्रस्तावित पाठ की संक्षिप्त टिप्पणी Brief notes on lessons proposed | कृष्णपट-कार्य Black Board work | अभ्युक्ति Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 जून 2024 | | सभी | चेतना सत्र | साफ-सफाई, प्रार्थना, व्यायाम एवं अन्य आयाम | | |
| | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | | सभी | मध्यांतर / मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम | | | |
| | 5 | | | | | |
| | 6 | | | | | |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | पाठ टीका का संधारण | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

# दैनिक शैक्षणिक कैलेण्डर

चेतना

10 जून 2024 Monday सोमवार समस्तीपुर वर्ष 03

## कक्षा - I

| हिन्दी | | गणित | | English | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson |
| 3 | चौराहा (चित्र-कथा) | 2 | संख्याओं की दुनिया | 3 | My Family |

## कक्षा - II

| हिन्दी | | गणित | | English | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | दिवस संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson |
| 3 | तितली और कली | 2 | हमने देखा - तुमने देखा | 2 | Picture Story - The Tortoise and the Robbit |

## कक्षा - III

| हिन्दी | | गणित | | English | | पर्यावरण और हम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson | पाठ संख्या | पाठ का नाम |
| 3 | मेरा गांव | 2 | संख्याएँ | 3 | One Little Kitten | 3 | जीव-जन्तुओं की दुनिया |

## कक्षा - IV

| हिन्दी | | गणित | | English | | पर्यावरण और हम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson | पाठ संख्या | पाठ का नाम |
| 3 | घर प्यारा | 2 | जोड़ | 2 | Our Home | 3 | हड़बड़ में गड़बड़ |

## कक्षा - V

| हिन्दी | | गणित | | English | | पर्यावरण और हम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson | पाठ संख्या | पाठ का नाम |
| 3 | हुआ यूं कि | 2 | जोड़ | 2 | The Smell of the bread and the sound of money | 3 | बीजों का बिखरना |



## कक्षा - VI

| हिन्दी | | गणित | | English | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | | | | | | संस्कृत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | हमारी दुनिया | | अतीत से वर्तमान | | सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन | | पाठ का नाम | | | |
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | | | | |
| 3 | चिड़िया | 2 | पूर्ण संख्याएँ | 2 | The Boy who lost his Appetite | 2 | भोजन में क्या-क्या | 2 | पृथ्वी एवं उसकी गतियां | 2 | क्या, कब कहां और कैसे | 2 | ग्रामीण जीवनी-यापन के (प्रारंभ से सीमांत किसान तक) | | | | |

## कक्षा - VII

| हिन्दी | | गणित | | English | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | | | | | | संस्कृत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | हमारी दुनिया | | अतीत से वर्तमान | | सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन | | पाठ का नाम | | | |
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | | | | |
| 3 | पुष्प की अभिलाषा | 2 | भिन्न संख्याएँ | 2 | Krishna and Sudama | 2 | जंतुओं में पोषण ऊष्मा | 2 | चट्टान एवं खनिज | 2 | नए राज्य एवं राजाओं का उदय | 2 | राज्य सरकार | कूर्मशशक कथा | उच्चारण - स्थानानि | गो, मति | भू, स्था |

## कक्षा - VIII

| हिन्दी | | गणित | | English | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | | | | | | संस्कृत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | हमारी दुनिया | | अतीत से वर्तमान | | सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन | | पाठ का नाम | | | |
| पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | Lesson | Name of the Lesson | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | पाठ संख्या | पाठ का नाम | | | | |
| 3 | कर्मवीर | 2 | एक चर वाले रैखिक समीकरण | 2 | Sleep | 2 | तड़ित और भूकंप : प्रकृति के दो भयानक रूप | 1 | (ग) खनिज संसाधन (घ) ऊर्जा संसाधन | 2 | भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना | 1 | भारतीय संविधान (संविधान के बुनियादी मूल्य से समाप्ति तक) | संघे शक्तिः, अस्माकं देशः | पुनरावृत्ति | मुनि, पति | याच्, या |

नोट : यह समय सारणी बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा संचालित मासिक कैलेंडर से लिया गया।

# पीएम पोषण योजना

चेतना

10 जून 2024 | Monday | सोमवार | समस्तीपुर | वर्ष 03

**पीएम पोषण योजना का मेनू : -**

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| 10 जून 2024 | सोमवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |

**पीएम पोषण योजना :-**

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय संविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

- *बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।*
- *बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।*
- *बच्चों के बीच सामाजिक समता।*
- *बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।*
- *बच्चों के छीजन में कमी।*
- *नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।*
- *बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।*

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-10-2022 से प्रभावित)**

**कक्षा 01 से 05 के लिए**

| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
|---|---|---|---|
| दाल | 20 Gram | 103.00 | 2.06 |
| सब्जी | 50 Gram | 22.00 | 1.10 |
| तेल | 5 Gram | 121.00 | 0.60 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.49 |
| जलावन | 100 Gram | 12.00 | 1.20 |
| | | कुल = | 5.45 |

**कक्षा 06 से 08 के लिए**

| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
|---|---|---|---|
| दाल | 30 Gram | 103.00 | 3.09 |
| सब्जी | 75 Gram | 22.00 | 1.65 |
| तेल | 7.5 Gram | 121.00 | 0.90 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.73 |
| जलावन | 150 Gram | 12.00 | 1.80 |
| | | कुल = | 8.17 |

**साप्ताहिक मेनू**

| क्र. | दिन | मेनू |
|---|---|---|
| 1. | सोमवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |
| 2. | मंगलवार | जीरा चावल + सोयाबीन आलू की सब्जी |
| 3. | बुधवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |
| 4. | गुरुवार | चावल + मिश्रित दाल + हरी सब्जी |
| 5. | शुक्रवार | पुलाव + काबुली चना + लाल चना का छोला + हरा सलाद + उबला अंडा / मौसमी फल |
| 6. | शनिवार | खिचड़ी (हरि सब्जी युक्त) + चोखा + केला / मौसमी फल |



# चहक

बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव

दिन - 08 | सत्र - 01 | अवधि - 1 घंटा

शारीरीक विकास

खेल

## लो पकड़ो गेंद



**उद्देश्य**

- शारीरिक क्रियात्मक विकास।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक बच्चों को गोलाकार में एक निश्चित दूरी पर बैठाएँगे।
- शिक्षक किसी एक बच्चे के पास गेंद फेंकेंगे। बच्चा उसे दोनों हाथों से पकड़ कर अपने बगल वाले या किसी अन्य बच्चे को छकाते हुए पास कर देगा।
- यह क्रिया गेंद के गिर जाने तक चलती रहेगी।
- बच्चे गेंद को वापस शिक्षक के पास देंगे।
- समयानुसार शिक्षक इस गतिविधि को दोहरा सकते हैं।

**सामग्री**

- गेंद (छोटी या बड़ी)।

**विकल्प**

- शिक्षक बच्चों को पूरे समूह में खुद से एक दूसरे को गेंद फेंक कर खेलने को कह सकते हैं।
- इस गतिविधि को गोलाकार में निश्चित दूरी पर खड़ा कराकर भी किया जा सकता है।




**प्रतिफल**

- बच्चों के बड़े एवं छोटे मांसपेशियों का विकास होगा ।

दिन - 08 | सत्र - 02 | अवधि - 1 घंटा

संख्यात्मक विकास
एवं
पर्यावरणीय जागरूकता

# पत्तियों की पहचान



**उद्देश्य**

- बच्चों में पर्यावरण के प्रति लगाव का विकास।
- रंगों एवं आकारों की समझ।
- बच्चों में अवलोकन एवं वर्गीकरण के कौशल का विकास।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक खेल के माध्यम से बच्चों के पाँच समूह बनाएँगे। सभी समूहों के बच्चे विद्यालय-परिसर का भ्रमण करेंगे।
- प्रत्येक समूह के बच्चे विद्यालय के आसपास के विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों की पत्तियों को इकट्ठा करेंगे।
- अपने-अपने समूह में बच्चे अपनी लाई हुई पत्तियों पर एक-दूसरे से चर्चा करेंगे। किसके पास कितनी तरह की पत्तियाँ हैं? कौन-सी पत्ती किस पेड़ की है? किसके पास कितने रंग की पत्तियाँ हैं? आदि।
- शिक्षक बच्चों द्वारा किए जा रहे समूह-कार्य का अवलोकन करते रहेंगे एवं उन्हें मदद करेंगे। अंत में बड़े समूह में सभी समूहों द्वारा अपनी पत्तियों से संबंधित प्रस्तुति की जाएगी।

**सामग्री**

- आवश्यकतानुसार

**विकल्प**

- फूल की पत्तियाँ, फल की पत्तियाँ और सब्जियों की पत्तियों को इकट्ठा कर चर्चा की जा सकती है।
- पत्तियों के रंग, आकार, छोटी-बड़ी, चिकनी-खुरदरी, मोटी-पतली, गंध, स्वाद आदि पर भी चर्चा की जा सकती है।



**प्रतिफल**

- बच्चों का पर्यावरण के प्रति लगाव बढ़ेगा।
- बच्चों में विभिन्न रंगों एवं आकारों की समझ बनेगी।
- बच्चों में अवलोकन एवं वर्गीकरण के कौशल का विकास होगा।




दिन - 08 | सत्र - 01 | अवधि - 1 घंटा

शारीरीक विकास

खेल

# लो पकड़ो गेंद



**उद्देश्य**

- शारीरिक क्रियात्मक विकास।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक बच्चों को गोलाकार में एक निश्चित दूरी पर बैठाएँगे।
- शिक्षक किसी एक बच्चे के पास गेंद फेंकेंगे। बच्चा उसे दोनों हाथों से पकड़ कर अपने बगल वाले या किसी अन्य बच्चे को छकाते हुए पास कर देगा।
- यह क्रिया गेंद के गिर जाने तक चलती रहेगी।
- बच्चे गेंद को वापस शिक्षक के पास देंगे।
- समयानुसार शिक्षक इस गतिविधि को दोहरा सकते हैं।

**सामग्री**

- गेंद (छोटी या बड़ी)।

**विकल्प**

- शिक्षक बच्चों को पूरे समूह में खुद से एक दूसरे को गेंद फेंक कर खेलने को कह सकते हैं।
- इस गतिविधि को गोलाकार में निश्चित दूरी पर खड़ा कराकर भी किया जा सकता है।



**प्रतिफल**

- बच्चों के बड़े एवं छोटे मांसपेशियों का विकास होगा ।

# चेतना टीम

**समस्तीपुर**

**पिन - 848207 (बिहार)**

Mobile : **9473119007**

Email ID : chetanastr@gmail.com

WhatsApp : https://chat.whatsapp.com/BgYPOv5HKSv2Vx6uoX1LOZ

Telegram : https://t.me/TeacherHelpline

Facebook : https://www.facebook.com/Anil9473119007

## TEACHERS OF BIHAR

Patna (Bihar)

Mobile : **7250818080**

Website : www.teachersofbihar.org

Email ID : teachersofbihar@gmail.com

Facebook : https://www.facebook.com/teachersofbihar

Youtube : https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

Instagram : https://instagram.com/teachersofbihar

Twiter : https://twitter.com/teachersofbihar